षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-14 बुधवार, दिनांक-17 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.45 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 19 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-'ख' 635 नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(v) 226 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान पक्ष-विपक्ष के सदस्यों के बीच परस्पर आरोप-प्रत्यारोप के कारण अव्यवस्था हुई । तत्पश्चात् सदन में असहण स्थिति को देखते हुए सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 02.12 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

वित्तीय कार्य प्रारंभ होते ही विपक्ष की मांग पर आसन द्वारा कहा गया कि आज सदन की कार्यवाही के प्रथम पाली में जो अप्रिय घटना घटी है यह खेदजनक है और भविष्य में इससे सबक लेने की जरूरत है कि वैसे टिप्पणी से हमेशा बचना चाहिए जो किसी समय गलतफहमी पैदा कर सकता है । जिन्होंने भी असंसदीय भाषा का प्रयोग किया वह इस सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं है । सदन की कार्यवाही जितनी सुचारू रूप से चलेगी उतना ही इस सदन के माननीय सदस्यों की इज्जत बढ़ेगी और लोगों की नजर में हमारा सम्मान बढ़ेगा ।

[2] **वित्तीय कार्य :-**

वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-11 (स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय मंत्री, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

आसन द्वारा माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, श्री ललित कुमार यादव, श्री सदानंद सिंह, श्री भोला यादव, श्री महबूब आलम, श्री समीर कुमार महासेठ एवं श्री रामदेव राय को कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए पुकारा गया परन्तु कटौती का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत नहीं किया गया ।

अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मेवालाल चौधरी

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जा कर अपनी बातों को कहें । किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 04.50 अप० तक के लिए स्थगित हुआ ।

स्थगनोपरान्त

(04.50 बजे अपराह्न से 05.01 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा अनुदान की मांग पर सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया ।

तत्पश्चात स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[3] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-50 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-18 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-17.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।